पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (22.09.2022)

पीयू : संशोधित स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी

पटना. पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) ने वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का संशोधित एकेडमिक कैलेंडर बुधवार को जारी कर दिया है. खेल-कूद में भाग लेने वाले कॉलेज व विभाग खेल प्रतियोगिता कराकर विजेता खिलाड़ियों की चयन सूची पीयू स्पोर्ट्स कैलेंडर 2022-23 में अंकित प्रत्येक खेल प्रतियोगिता के लिए निर्धारित प्रवेश तिथि के दो दिन पूर्व स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव को उपलब्ध करा देंगे. संशोधित कैलेंडर के अनुसार टेबल टेनिस 10 अक्तूबर से पटना सायंस कॉलेज में शुरू होगा. 12 अक्तूबर को बैडमिंटन सायंस कॉलेज व मगध महिला में होगा. बास्केटबॉल प्रतियोगिता 15 अक्तूबर को बीएन कॉलेज व एमएमसी में होगा. कबड्डी 17 अक्तूबर को आर्ट कॉलेज में होगा. क्रिकेट पटना सायंस कॉलेज में 15 नवंबर को होगा.

प्रभात खबर

Thu, 22

https:/

दैनिक जागरण

पीयू ने जारी किया खेल कैलेंडर

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 का वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता कैलेंडर जारी किया। कैलेंडर के अनुसार पूरे वर्ष महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डा. शिव सागर प्रसाद ने बताया कि जारी कैलेंडर के अनुसार महाविद्यालय एवं विभाग अपने स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित करेंगे और इसकी सूचना विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। कैलेंडर में खेल का नाम और स्थान भी दिया गया है जहां प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है।

कार्यक्रम	
टेबल टेनिस	12 अक्टूबर
टेबल टेनिस	12 अक्टूबर
बैडमिंटन	14 अक्टूबर
बैडमिंटन	14 अक्टूबर
बास्केटबाल	17 अक्टूबर
कबड्डी	19 से 21 अक्टूबर
वाली बाल	10 से 11 नवंबर
क्रिकेट	15 से 16 नवंबर
क्रिकेट	17 से 19 नवंबर
बाल बैडमिंटन	23 से 24 नवंबर
टेक्वांडो	25 से 26 नवंबर
एथलेटिक्स	29 से एक दिसंबर
खो-खो	छह से सात दिसंबर

दैनिक जागरण

पटरी पर लौट रहा पीयू और पीपीयू का शैक्षणिक सत्र

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र पटरी पर आ गया है । कोरोना काल में दोनों विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र एक साल पीछे चल गया था ।

पटना विश्वविद्यालय में अभी पीजी स्तरीय पाठ्यक्रमों में नामांकन चल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर माह में पीजी में नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी । स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों में नामांकन पहले ही पूरा कर लिया गया है । स्नातक में कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। यूजीसी के नियम के अनुसार सितंबर महीने में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो जाना चाहिए । इस नियम के अनुसार पटना विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र पटरी पर आ चुका है । विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र पटरी पर है। पीजी में नामांकित नए छात्रों की कक्षाएं अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। लगभग सभी परीक्षाओं का रिजल्ट प्रकाशित हो चुका है। अब विश्वविद्यालय अक्टूबर माह में छात्र संघ चुनाव की तैयारी में है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार छात्र संघ का चुनाव अक्टूबर माह में ही करना होता है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र पटरी पर आ चुका है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो एके नाग ने बताया कि यूजी और पीजी में नामांकन कार्य पूरा हो चुका है। कक्षाएं भी प्रारंभ हो गई हैं। लंबित परीक्षाएं भी ली जा चुकी हैं।